खोज का कार्य बहुत ही सम्भावनापूर्ण प्रकृति का होता है इस लिए भावी उपलब्धता के संक्षेप में अनुमान लगाना कठिन है यह अन्य बातों के साथ-साथ नए स्थानों की खोज पर निर्भर करता है ।

(ख) गुजरात क्षेत्र में गैस के शेष प्राप्य भंडार का 41252 मिलियन घन मीटर होना अनुमानित है ।

(ग) तेल क्षेत्र (विनियमन तथा विकास) अधिनियम, 1948 और पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 की व्यवस्थाओं के अनुसार पट्टेदार को वैल हैड वैल्यू की 10 प्रतिशत की दर से रायल्टी अदा करनी होती है । प्राकृतिक गैस पर रायल्टी बढ़ाने के लिए गुजरात सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

राज्य-वार रसोई गैस के कनैक्शन

1279. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में राज्य-वार रसोई गैस के कितने ग्राहक हैं तथा कितने ग्राहक प्रतीक्षा सूची में हैं तथा उन्हें कब तक गैस कनेक्शन दिए जाने की संभावना है;

(ख) गुजरात में ग्राहकों को गैस कनैक्शन कितने समय में उपलब्ध होते हैं और क्या सरकार का इस संबंध में जनता के असंतोष की जानकारी है तथा इस मामले में क्या कदम उठाए जाने का विचार है ; और

(ग) अहमदाबाद में रसोई गैस के कुल कितने ग्राहक हैं और कितने ग्राहक प्रतीक्षा सूची में हैं तथा उन्हें कब तक रसोई गैस कनैक्शन दिए जाने की संभावना है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) से (ग) 1 जनवरी 1988 को एल० पी० जी० के उपभोक्ताओं तथा प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों का राज्य-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। (नीचे देखिये)। 1 जनवरी 1988 को अहमदाबाद में लगभग 4.06 लाख एल० पी० जी० के उपभोक्ता तथा लगभग 1.06 लाख व्यक्ति प्रतीक्षा सूची में दर्ज थे। गुजरात सहित सम्पूर्ण देश में एल० पी० जी० के नए कनैक्शन तेल उद्योग द्वारा उनके वार्षिक उपभोक्ता नामांकन कार्यक्रम के अनुसार एल० पी० जी० की उपलब्धता तथा बढ़ी हुई भरण शक्ति के आधार पर चरणबद्ध तरीके से नए कनैक्शन जारी किए जाते हैं ।

विवरण

(लाखों में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एल० पी० जी० उपभोक्ता की सं० (1-1-88)	प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों की संख्या
1. आन्ध्र प्रदेश	11.170	0.428
2. असम	1.841	0.191
3. अरुणाचल प्रदेश	0.041	0.013

(लाखों में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एल० पी० जी० उपभोक्ता की सं० (1-1-88)	प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों की संख्या
4. बिहार	3.795	0.512
5. गुजरात	13.629	4.638
6. गोआ	0.940	0.326
7. हरियाणा	3.061	1.986
8. जम्मू एण्ड कश्मीर	1.165	0.071
9. कर्नाटका	6.736	0.969
10. हिमाचल प्रदेश	0.684	0.170
11. केरल	3.900	0.189
12. मध्य प्रदेश	7.755	1.546
13. महाराष्ट्र	26.262	7.180
14. मणिपुर	0.210	0.028
15. मिजोरम	0.115	0.034
16. मेघालय	0.160	0.010
17. नागालैण्ड	0.126	0.026
18. उड़ीसा	1.446	0.159
19. पंजाब	4.479	2.122
20. राजस्थान	4.273	1.000
21. सिक्कम	0.038	0.007
22. तमिलनाडु	11.775	0.711
23. त्रिपुरा	0.133	0.063
24. उत्तर प्रदेश	12.807	6.378
25. पश्चिम बंगाल	6.148	1.491
संघ शासित प्रदेश		
1. चंडीगढ़	0.981	0.533
2. दिल्ली	9.405	4.590
3. दादर एंड नागर हवेली	0.027	0.002
4. दमन एंड द्वीव	0.053	0.031
5. पांडिचेरी	0.241	0.003
जोड़ :	133.376	35.407